

# मैं अधिकारी नहीं, नौकर हूं आप लोगों का...

## जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा की सादगी और संवेदनशील कार्यप्रणाली की जिले से लेकर प्रदेश भर में हो रही चर्चा

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। मैं अधिकारी नहीं, नौकर हूं, मालिक आप लोग हैं। जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा की सादगी और संवेदनशील कार्यप्रणाली की जिले से लेकर प्रदेश भर में चर्चा हो रही है।**

कलेक्टर विकास मिश्रा सीधी में पदभार संभालते ही पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। उन्होंने जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर सीधे जनसुनवाई कर रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र धौंहनी के नेवहा में आज आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान बहनों से संवाद के दौरान कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा ने कहा कि मैं अधिकारी नहीं, नौकर हूं, मालिक आप लोग हैं। कलेक्टर का यह उद्गार सुनकर वहां मौजूद लोग भी उनके सरल एवं सहज स्वभाव की तारीफ करना शुरू कर दिये। कलेक्टर की कार्यशैली से जहां आम जनता में प्रशासनिक कार्यों को लेकर न्याय की उम्मीद जगी है वहीं अफसरशाही के रौब में चूर अधिकारियों एवं कर्मचारियों में काम करने का दबाव भी बढ़ा है। पूर्व में जहां छोटे से कार्य के लिये आम जनता को आवेदन लेकर अधिकारियों के पास भटकना पड़ रहा था फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती थी, अब कलेक्टर विकास मिश्रा आवेदनों के सामने आते ही उस पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिये निर्देशित कर रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी यदि संबंधित व्यक्ति का कार्य नहीं हुआ तो वह कलेक्टर से उनके मोबाइल पर भी सीधे शिकायत कर सकते हैं। कलेक्टर गांव-गांव में प्राथमिकता से भ्रमण कर रहे हैं और वहां की वस्तुस्थिति की जानकारी जनता से सीधा संवाद कर ले रहे हैं। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर वहां चल रहे सरकारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी कर रहे हैं, साथ ही निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दे रहे हैं।



### योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर जारी प्रयास

जिले के नवागत कलेक्टर विकास मिश्रा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रही है कि नहीं इसकी जानकारी लेने धरातल पर जनचौपाल का आयोजन कर रहे हैं। चौपाल के दौरान लोगों से शासन की मिल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ले रहे हैं। वहीं पात्रों को लाभ दिलाने के निर्देश दे रहे हैं।

### स्वास्थ्य और शिक्षा दुरुस्त करने की जा रही सतत् निगरानी

जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करने कलेक्टर विकास मिश्रा स्वयं निगरानी कर रहे हैं। उनके द्वारा जिला अस्पताल समेत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण कर वहां मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी सीधे मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर ले रहे हैं। साथ ही जिले की शिक्षा व्यवस्था को भी दुरूस्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

### औद्योगिक एवं पर्यटन विकास को लेकर भी गंभीर

जिले में जहां एक बार औद्योगिक विकास के लिये औद्योगिक इकाई स्थापित करने गत दिनों चुरहट में दशकों से बंद पड़ी डालडा फैक्ट्री का निरीक्षण कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा किया गया। वहीं पर्यटन विकास को बेहतर करने जिला मुख्यालय के समीप गोरियरा बांध का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान आवश्यक जानकारी लेकर उसको और बेहतर बनाने के निर्देश दिये।

# डीआईईसी सीधी में हृदय रोग विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 120 मरीजों का परीक्षण, 8 ऑपरेशन के लिए रेफर



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र भवन में हृदय रोग से संबंधित विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में लगभग 120 हितग्राहियों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।**

शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.नागेन्द्र दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान जबलपुर से आए गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉ.अखिलेश दुबे एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा हृदय संबंधी परीक्षण, ईसीजी जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। परीक्षण के दौरान 8 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। शिविर में डीआईईसी मैनेजर पुष्पेन्द्र शुक्ला, डीडीआरसी सीधी के शिवांशु शुक्ला (ट्रांस डिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े चिकित्सक डॉ.विश्वता पाण्डेय, डॉ.नागेन्द्र सिंह सेमरिया, डॉ.दीपक त्रिपाठी, वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक डॉ.रंजना सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही। विशेषज्ञों द्वारा हितग्राहियों को हृदय रोग के लक्षण, बचाव के उपाय एवं समय पर जांच की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर निदान एवं उपचार सुनिश्चित करना रहा, जिससे गंभीर जटिलताओं से बचाव किया जा सके।

बताया गया कि चिन्हित मरीजों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्रता के अनुसार नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। जनपद पंचायत सिहावल के प्रांगण में 19 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे से मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू रामजी सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमान सिंह, श्रीमती राजकुमारी सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहावल तथा मनोज सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सिहावल शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान कुल 85 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को 49 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए बैठक, सर्वेयर्स को सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता एवं नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु 16 अप्रैल को अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।**




बैठक में बताया गया कि सभी सर्वेयर्स को आर.बी. एसोसिएट्स के माध्यम से खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम जिला सीधी को उपलब्ध कराया गया है। सर्वेयर्स को निर्देशित किया गया कि किसानों से प्राप्त स्कंध (उपज) की गुणवत्ता की प्रविष्टि सर्वेयर ऐप पर अनिवार्य रूप से करें तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। सभी सर्वेयर्स को यह भी निर्देश दिए गए कि उनके पास गुणवत्ता जांच किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो तथा प्रत्येक किसान से प्राप्त एवं परिवहन किए गए स्कंध का नमूना सुरक्षित रखा जाए एवं उसका विधिवत अभिलेख (पंजी) संधारित किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खरीदी उपरांत उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर संबंधित सर्वेयर की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बुलबुल से डॉ .बुलबुल, दूसरी कक्षा का सपना पूरा

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। जिले के दुधमनिया गांव की बेटी बुलबुल सिंह ने डॉक्टर बनकर पूरे गांव का नाम रोशन किया है। बुलबुल सिंह ने दूसरी कक्षा में डॉक्टर बनने का सपना देखा था जिसे पूरा कर लिया। जिद के आगे संघर्ष छोटा ही रहता है।**



नियत ही नियति निर्धारित करती है। बुलबुल की अपने सपने के प्रति ईमानदारी से मेहनत और उसको पूरा करने की जिद एक मिसाल है। श्रीमती शोभा-दल बहादुर सिंह चंदेल की बेटी डॉ.बुलबुल सिंह की कामयाबी परिवार, गांव, जिला एवं पूरे क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव का पल है। डॉ.बुलबुल सिंह ने इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर से डॉक्टर की पढ़ाई पूरी की। सुरेश भदौरिया के कॉलेज से मुख्य अतिथि एनएमसी चेयरमैन अभिजात चंद्रकांत सेठ दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहे। डॉ.बुलबुल द्वारा इंडेक्स कॉलेज के मुख्य द्वार एवं कॉलेज कैम्पस के मंदिर की शिवलिंग की मनमोहक चित्र 3 डी पेंटिंग स्मृति चिह्न के रूप में दिया गया।

# बजरंग दल ने राष्ट्रपति ने नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन, गांधी चौक में किया पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। विभाग संयोजक शैलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में गांधी चौक सीधी पुतला दहन किया गया। देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु महामहिम राष्ट्रपति ने नाम ज्ञापन सौंपा गया।**



बजरंग दल के कार्यकर्ता इस ज्ञापन के माध्यम से देश में वर्तमान में व्याप्त गंभीर चुनौतियों और समाज विरोधी गतिविधियों की ओर आपका ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं। देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली विकृत जिहादी मानसिकता, वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। देश भर से आये विभिन्न मामलो में पुरुषों के साथ महिलाएं भी इस विकृत जिहादी कार्यो में सम्मलित पाई गई। ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं में हाल ही में नासिक (टीएससी) जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। उत्तर प्रदेश के जिहादी छंगुर उर्फ जमालुद्दीन ओर उसकी महिला सहयोगी नसरीन ने अनेकों हिन्दू कन्याओं का शारीरक शोषण कर ब्लैकमेल ओर जबरन धर्मान्तरण करवाया। दिल्ली लाल किले ब्लास्ट में भी अलफलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े जिहादी मानसिकता के मुस्लिम डॉक्टरों ने बम ब्लास्ट किया, जिसमे महिला डॉ.शाहीन भी शामिल है। देश के विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, रेल विभाग एवं सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती है।

बजरंग दल ने कहा कि हमारी मांगें हैं कि ऐसी राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केन्द्रीय कानून लागू किया जाए। जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। बजरंग दल राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है। हम मांग करते हैं कि प्रशासन इन असामाजिक तत्वों पर नकेल कसे ताकि देश में शांति और सद्भाव बना रहे।

## एक नजर में

### टीईटी मुद्दे पर मप्र शिक्षक संघ की मेहनत सफल



**सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 मध्य प्रदेश के शिक्षा जगत में पिछले कई वर्षों से चला आ रहा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का गतिरोध अब सुलझता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद राज्य सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वह शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। बैठक में डॉ .क्षत्रवीर सिंह राठौर प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, कुलदीप सिंह गुर्जर प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि के साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उधर माननीय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में राज्य सरकार की ओर से स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश में सॉलिसिटर जनरल के माध्यम से रिव्यू पिटीशन फाइल हो गई है और उसकी सूचना भी प्राप्त हो गई है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष अभियान

**सीधी।** म .प्र . राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन एवं मुकेश कुमार शिवहरे न्यायाधीश/सचिव के नेतृत्व में नालसा (बाल-हितैषी कानूनी सेवाएं) योजना 2024 के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्त परियोजना अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि अक्षय तृतीया के दिन होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करनें एवं उक्त कार्यक्रम में यह भी पता लगाने का प्रयास करेंगे कि किसी का बाल विवाह तो नही कराया जा रहा है। इस प्रकार की आशंका होने पर तत्काल जिला विधिक सहायता अधिकारी सीधी को सूचित किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी रूपेन्द्र कुमार मिश्रा के मोबाइल नंबर 8349848577 पर सूचित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है ताकि समय रहते जिला विधिक सहायता अधिकारी संबंधित थाने से समन्वय स्थापित कर उचित रोकथाम का प्रयास कर सकेंगे। साथ ही आम जनता से यह भी अपील की जा रही है कि बाल विवाह संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा नालसा हेल्पलाईन नंबर नालसा 15100 में सूचित कर सकते है। इसके साथ ही समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र अथवा आस-पास में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों में अपनी परखी नजर रखते हुए बाल विवाह रोकथाम में सहयोग प्रदान करें।

# मरीजों को सुविधाजनक ढंग से मिलें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : विश्वामित्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल में रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी प्रस्तुत की गई।**



बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा की गई। जनरेटर के लिए डीजल/ऑयल की व्यवस्था, वाहन चालकों के मानदेय, सफाई कर्मियों के भुगतान, स्टाफ ड्यूटी रूम की व्यवस्था तथा प्रथम तल पर निर्मित भवन में विद्युत आपूर्ति सहित आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कर उसे उपयोग में लाने के निर्देश दिए गए। विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित सभी अस्पतालों में मरीजों को बिना किसी परेशानी के बेहतर और सुगम उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जन आरोग्य औषधि केन्द्र के सुचारू संचालन तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों के सुचारू संचालन, अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके पश्चात विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सिहावल राजेश शुक्ला, सीईओ जनपद पंचायत सिहावल रोहित उपाध्याय, बीएमओ डॉ.रिकेश शर्मा, तहसीलदार जयप्रकाश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी अनुसुइया बाजपेई, उपयंत्री सच्चितानंद तिवारी, सरपंच मुन्नी प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किसान स्वयं करेंगे स्लॉट बुकिंग समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित औसत अच्छी गुणवत्ता गेंहू का समर्थन मूल्य पर उपार्जन शासन द्वारा निर्धारित अवधि 15 अप्रैल से 12 मई 2026 तक किया जा रहा है।**

उन्होंने बताया कि उपार्जन प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए किसानों को स्वयं स्लॉट बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है। किसान अपने मोबाइल के माध्यम से गूगल पर जाकर संबंधित पोर्टल खोलकर रबी 2026-27 किसान स्लॉट बुकिंग (गेंहू) विकल्प का चयन कर सकते हैं। सत्यापन के उपरांत किसान अपनी तहसील, तिथि एवं उपार्जन केंद्र का चयन कर उपज की मात्रा दर्ज करते हुए स्लॉट बुकिंग पूर्ण कर सकते हैं। इसकी जानकारी उन्हें एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। वर्तमान स्थिति में जिले के 1418 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिन किसानों को स्लॉट बुकिंग के दौरान रकबा असत्यापित होने की समस्या आ रही है, वे अपने संबंधित तहसीलदार से संपर्क कर रकबा सत्यापन कराने के उपरांत पुन: स्लॉट बुकिंग कर सकते हैं।

# प्रत्येक बैंक अपनी सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर करें सुदृढ़ : विकास

## कलेक्टर ने किया एसबीआई मुख्य शाखा का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा शुक्रवार की शाम एसबीआई मुख्य शाखा का निरीक्षण कर बैंक की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक परिसर की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, अलार्म सिस्टम, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की।**




निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के सभी बैंकों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक बैंक अपनी सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करे। उन्होंने कहा कि सभी शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित रहें, सुरक्षा उपकरण कार्यशील स्थिति में हों तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही बैंक परिसरों में प्रवेश-निकास की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ ग्राहकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से अपील की कि बैंक आने वाले नागरिकों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा बैंक कर्मचारी ग्राहकों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करें, जिससे आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस दौरान लीड बैंक प्रबंधक तथा शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक उपस्थित रहे।

### बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक, स्वरोजगार योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

सीधी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बैंकर्स के साथ शुक्रवार को आयोजित बैठक में स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रकरणों की स्वीकृति, वितरण एवं लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा करते हुए सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




कलेक्टर ने जिले में आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं एवं स्वसहायता समूहों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसके लिए बैंकर्स सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही विशेष अभियान चलाकर अधिकतम प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। साथ ही प्रकरणों की गुणवत्ता (केस क्वालिटी) में सुधार लाने, दस्तावेजों की पूर्णता सुनिश्चित करने एवं अनावश्यक लंबित मामलों को शीघ्र निराकृत करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे ग्राहकों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखें तथा योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बैंक एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में पारदर्शी एवं सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने पर बल देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं बैंक मिलकर कार्य करें, ताकि जिले में स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार हो और अधिक से अधिक लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल सके।